नकली सिगरेट और गुटखा बनाने वाला गिरफ्तार, पुलिस ने 6 लाख का तैयार माल जब्त किया

ग्वालियर, अतुल सक्सेना। ग्वालियर पुलिस (Gwalior Police) ने आज मंगलवार को नकली गुटखा और नकली सिगरेट बनाने वाले एक कारोबारी के ठिकाने पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में तैयार गुटखा और सिगरेट के पैकेट जब्त (Police caught fake cigarettes and gutkha) किये हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

ग्वालियर पुलिस अधीक्षक अमित सांघी (Gwalior SP Amit Sanghi) को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चार शहर का नाका पर एक व्यक्ति नकली सिगरेट व गुटखा बनाकर शहर में सप्लाई कर रहा है। सूचना मिलते ही एसपी ने प्रभारी एडिशनल एसपी शहर (पूर्व/अपराध) श्रीमती मृगाखी डेका एवं एडिशनल एसपी शहर-मध्य अभिनव चौकसे को क्राइम ब्रांच व हजीरा थाना पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही के निर्देश दिए।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस की संयुक्त टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर उसी हुलिए का एक व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को अपनी ओर आता देख व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया,लेकिन पुलिस ने उसे घेराबंदी कर दबोच लिया।

पकड़े गये व्यक्ति से नकली सिगरेट व गुटखा बनाने के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह आगरा से कच्चा माल लाकर यहां सिगरेट व गुटखा तैयार कर उसे ब्रांडेड पैकेट में डालकर शहर में सप्लाई करता था। मौके पर खाद्य विभाग की टीम को बुलाया गया। पुलिस व खाद्य विभाग की टीमों द्वारा आरोपी के गोदाम की तलाशी ली गई तो वहां पर भारी मात्रा में सिगरेट व गुटखा बनाने की सामग्री, मशीनें व तैयार माल मिला।

खाद्य विभाग की टीम ने मौके पर पान मसाला (गुटखा) को जब्त कर सैम्पलिंग की कार्यवाही की तथा नकली गोल्ड फ्लैक तथा हरिशंकर गुप्ता नामक ब्रांड की तंबाखू की कॉपीराईट अधिनियम के तहत धारा 63 व 420 आईपीसी में थाना हजीरा थाने में मामला दर्ज किया। जब्त किये गए तैयार माल की कुल कीमत 6 लाख रुपये बताई गई है।

Source: https://mpbreakingnews.in/madhya-pradesh/gwalior/fake-cigarette-and-gutkha-maker-arrested-goods-worth-6-lakh-seized-mas/